


लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE


**'भारत के युवा देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं' : लोक सभा अध्यक्ष**

भुवनेश्वर, 9 नवंबर 2019 : लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलोजी (केआईआईटी) के 15वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त कर रहे छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में युवाओं की बड़ी संख्या हमारे लिए लाभकारी है और हमारे युवा देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। इस वार्षिक दीक्षांत समारोह में वर्ष 2018-19 में पढ़ाई पूरी करने वाले 6578 छात्रों को बैचलर, मास्टर्स और पीएचडी की डिग्रियाँ दी गईं। इस समारोह में अन्य विशिष्टजनों के साथ साथ ओडिशा विधान सभा के माननीय अध्यक्ष, डॉ सूरज्या नारायण पात्रो तथा माननीय सांसद (लोक सभा), श्रीमती अपराजिता सारंगी भी शामिल हुए।

इस बात पर ज़ोर देते हुए कि प्रौद्योगिकी आधुनिक विश्व में परिवर्तन का एक प्रमुख माध्यम बन गई हैं, श्री बिरला ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारतीय प्रोफेशनल बहुत ऊंचे पदों पर कार्यरत हैं और अपनी कंपनियों के साथ-साथ पूरे विश्व में इस उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। उन्होने कहा कि नई प्रौद्योगिकी का विकास प्रगति के लिए अनिवार्य हो गया है और भारत के युवा अपनी शिक्षा, कौशल और प्रेरणा से देश को खुशहाल बना सकते हैं।

श्री बिरला ने केआईआईटी और केआईएसएस के संस्थापक, प्रोफेसर अच्युत सामंत को कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसिज़ के माध्यम से 30,000 आदिवासी बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। श्री बिरला ने अपने संबोधन में कहा कि एक ओर केआईआईटी महत्वाकांक्षी युवा पीढ़ी को विश्व स्तर की उच्च शिक्षा प्रदान कर रहा है तथा दूसरी ओर, केआईएसएस आदिवासी बच्चों को शिक्षा और कौशल प्रदान करके उन्हें सशक्त बना रहा है। प्रोफेसर सामंत ने अपना सारा जीवन सुविधा से वंचित आदिवासी बच्चों को शिक्षित करने के लिए समर्पित कर दिया। वह लोक सभा में उनके प्रतिनिधि के रूप में लोगों की सेवा भी उतनी ही लगन से कर रहे हैं और राष्ट्र के पुनर्निर्माण में सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

श्री बिरला ने ख़ुशी व्यक्त की कि केआईआईटी में देश के सभी भागों के छात्र विभिन्न पाठ्यक्रमों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनमें देश की सेवा करने और नई जानकारियाँ हासिल करने की उत्सुकता बनी रहेगी।

इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ सूरज्या नारायण पात्रो ने छात्रों से कहा कि वे नए ज्ञान का सृजन करें और अपने ज्ञान का उपयोग भावी पीढ़ियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए करें। उन्होने डिग्री प्राप्त कर रहे छात्रों से कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण को हो रहा नुकसान समूची मानवजाति के अस्तित्व के लिए एक बहुत बड़ा खतरा है और

आशा व्यक्त की  कि छात्र अपने ज्ञान का उपयोग ऐसी चुनौतियों का सामना करने के लिए नई प्रौद्योगिकियाँ विकसित करने के लिए करेंगे।

छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए, मानद विश्वविद्यालय, केआईआईटी के कुलाधिपति, प्रोफेसर वेद प्रकाश ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा," केआईआईटी को देश में उच्च शिक्षा में डिग्री प्रदान कर रहे लगभग 900 संस्थानों में से इन्स्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस के रूप में चुना गया है। लगभग पंद्रह वर्ष के छोटे से अरसे में ऐसी मान्यता प्राप्त होना सराहनीय उपलब्धि है।" उन्होने छात्रों से कहा कि वे भी प्रोफेसर अच्युत सामंत द्वारा प्रदर्शित सेवा, त्याग, प्रतिबद्धता, लगन और सुविधाविहीन वर्गों के लिए स्नेह के मूल्यों को आत्मसात करें।

**"INDIA'S YOUTH CAN TAKE THE COUNTRY TO NEW HEIGHTS': LOK SABHA SPEAKER**

**Bhubaneswar, 9 November 2019:** Delivering the Convocation Address at the 15th Annual Convocation of Kalinga Institute of Industrial Technology (KIIT), Bhubaneswar, Lok Sabha Speaker Shri Om Birla said that India enjoys demographic dividend and our young population is capable of taking the country to new heights. During the Convocation, 6578 students of 2018 – 19 graduating batch were awarded bachelors, Masters and Ph.D. degrees. Dr. Surjya Narayana Patro, Hon'ble Speaker, Odisha Legislative Assembly, and Smt. Aparajita Sarangi, Hon'ble Member of Parliament (Lok Sabha) were among other dignitaries who graced the event.

Asserting that technology has become the main driver of change in the modern world, Shri Birla said that IT professionals from India are in key positions, making significant contribution to the growth of their respective companies and to the industry as a whole. He emphasized that development of new technology is a precursor to the progress and India's youth with their education, skill and motivation can use the latest technology to bring prosperity to the country.

He thanked Prof. Achyuta Samanta, Founder, KIIT & KISS for providing free education to 30,000 tribal children through Kalinga Institute of Social Sciences (KISS). He observed that while on the one hand KIIT is providing world-class higher education to the aspiring young generation, on the other hand KISS is empowering tribal children with education and skills. He lauded the fact that Prof. Samanta has dedicated his life for educating the underprivileged tribal children. He is also dedicatedly serving people as their representative in Lok Sabha and is doing a commendable work towards national reconstruction.

Shri Birla was happy to note that KIIT has students from all parts of the country and they are graduating in a wide range of disciplines. He hoped that they would continue to have the curiosity to gain new knowledge and serve the country.

Speaking on the occasion, Dr. Surjya Narayana Patro asked students to create new knowledge and use their knowledge to make the life of coming generations better. He cautioned the students that global warming and environmental degradation are posing a threat to the very existence of humankind. He hoped that the students would use their education to develop new technologies to tackle these challenges.

Expressing best wishes to the students, Prof. Ved Prakash, Chancellor, KIIT, in his presidential address, said, "KIIT has been chosen as an Institution of Eminence from amongst a pool of over 900 degree awarding institutions of higher learning in the country. Such recognition within a short span of about fifteen years is a creditable achievement". He advised the students to hold the values symbolized by the Prof. Achyuta Samanta, which is an amalgamation of service, sacrifice, commitment, passion and love for the underprivileged.